# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–18 अप्रैल 2025 सान्ध्य समाचार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान– एम्स गोरखपुर में पांच सौ बेड की क्षमता वाले विश्राम सदन का भूमि पूजन और शिलान्यास किया। इस विश्राम सदन का निर्माण पावरग्रिड कार्पोरेशन ऑफ इण्डिया के सामाजिक उत्तरदायित्व निधि से चौवालीस करोड़ रूपये से अधिक की लागत से किया जायेगा। शिलान्यास समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि एम्स गोरखपुर पूर्वी उत्तर प्रदेश के साथ ही बिहार और नेपाल के लोगों के इलाज के लिये एक प्रमुख केन्द्र बनकर उभरा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि–

***मुझे प्रसंता है कि दौ हजार सोलह मे जो बीज एम्स के रूप में गोरखपुर में रोपा गया था आज वह एक वट वृछ बनकर के हजारो पीड़ितो को आरोग्यता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एक नया जीवनदान देने का केन्द्र बन गया है।***

एम्स गोरखपुर में विश्राम सदन के शिलान्यास के अवसर पर सांसद रवि किशन शुक्ल, महापौर डॉक्टर मंगलेश श्रीवास्तव, एम्स गोरखपुर के चेयरमैन देश दीपक वर्मा, कार्यकारी निदेशक डॉक्टर विभा दत्ता, पावरग्रिड के निदेशक कार्मिक यतीन्द्र द्विवेदी भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री कल गोरखपुर के मानबेला में सड़क, सीवरेज, पर्यटन सहित विकास की एक हजार पांच सौ करोड़ रूपये की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।

**********

प्रदेश भर में आज गुड फ्राईडे मनाया जा रहा है। यह ईसाई धर्म के प्रमुख त्योहारों में से एक है। प्रभु ईसा मसीह को सलीब पर चढाए जाने की स्मृति में गुड फ्राइडे मनाया जाता है। इसी दिन प्रभु यीशु ने मानवता को पापों से मुक्ति दिलाने के लिए अपना जीवन उत्सर्ग किया था। गुड फ्राइडे के अवसर पर आज प्रदेश भर के सभी गिरिजाघरो में विशेष प्रार्थना सभाओं के आयोजन किए गये।

**********

नौवें सिख गुरु, तेग बहादुर साहिब जी का प्रकाश पर्व आज प्रदेश भर के गुरूद्वारों में श्रद्धापूर्वक मनाया जा रहा है। गुरू तेग बहादुर का जन्म वर्ष सोलह सौ इक्कीस में अमृतसर में हुआ था। वह छठे सिख गुरु हरगोबिंद साहिब जी के सबसे छोटे पुत्र थे। उनके प्रकाश पर्व पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु गुरुद्वारों में मत्था टेकने और पवित्र गुरबानी सुनने के लिए पहुंचे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरू तेग बहादुर जी के प्रकाश पर्व पर सभी श्रद्धालुओं और प्रदेशवासियों को बधाई दी है।

**********

आज विश्व धरोहर दिवस है। इसका उद्देश्य लोगों को कला, संस्कृति और इतिहास से जुड़ी विरासतों के संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर आज उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड द्वारा लखनऊ में एक विशेष हेरिटेज वॉक का आयोजन किया गया। इसी क्रम में वाराणसी स्थित बनारस रेल कारखाना में आपदा और संघर्ष प्रतिरोधी विरासत विषय पर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह ने किया।

**********

श्रीमद्भगवद्गीता और भरत मुनि के नाट्यशास्त्र को यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में शामिल किया गया है। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जवाब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसकी सराहना करते हुए कहा कि इससे भारत के कालातीत ज्ञान और समृद्ध संस्कृति को वैश्विक मान्यता मिली है। उन्होंने कहा कि गीता और नाट्यशास्त्र दोनों ने सदियों से सभ्यता तथा चेतना को पोषित किया है और इनसे प्राप्त अंतर्दृष्टि दुनिया को प्रेरित करती है।

***इस ऐतिहासिक उपलब्धि के साथ, यूनेस्को मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में अब कुल 14 भारतीय ग्रंथ हो गए हैं। उत्कृष्ट मूल्यों वाली दस्तावेजी विरासत को संरक्षित करने की यह एक वैश्विक पहल है। श्रीमद्भगवद्गीता और भरत मुनि के नाट्यशास्त्र को ऋग्वेद, शांतिनाथ चौत्र और गिलगित पांडुलिपि के साथ सूची में शामिल किया गया है। श्रीमद्भगवद्गीता भगवान कृष्ण और अर्जुन के बीच एक पवित्र संवाद है, दूसरी ओर, प्राचीन ऋषि भरत मुनि द्वारा रचित नाट्यशास्त्र रंगमंच, कला और नृत्य जैसी प्रदर्शन कलाओं पर एक आधारभूत ग्रंथ है।***

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर देशवासियों को बधाई दी है।

**********

तेज हवाओं और बारिश के चलते कल देर शाम से ही प्रदेश के पूर्वांचल और मध्य क्षेत्र में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के पूर्वी क्षेत्र के जिले सोनभद्र, गाजीपुर, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर सहित आसपास के इलाकों में आज और कल तेज हवाओं के साथ गर्जन और वज्रपात की संभावना है। कल शाम पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में आंधी और बारिश के कारण हुयी घटनाओं में कुछ लोगों के हताहत होने की सूचना है। इस बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आंधी, बारिश और वज्रपात से प्रभावित जिलों के अधिकारियों को क्षेत्र का सर्वे कर पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिये हैं।

**********